**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**02.10.2025 / प्रादेशिक समाचार / 15.00बजे**

**गांधी–शास्त्री श्रद्धाजंलि**

समग्र देश आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धा–सुमन अर्पित कर रहा है। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने शिमला के रिज मैदान पर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने लालबहादुर शास्त्री की प्रतिमा पर भी माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने इस मौके पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि महात्मा गांधी ने सतत संघर्ष और सत्याग्रह की शक्ति से देश को अंग्रेजों की गुलामी से आज़ाद करवाया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने अपना पूरा जीवन समाज और राष्ट्र को समर्पित किया और उनके इस योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि महात्मा गांधी ने पूरी दुनिया को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाया। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी के आदर्शों व सिद्धांतों पर चलना ही उनके प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है।

**धनीराम शांडिल**

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने कहा है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए देश को आज़ादी दिलाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती के मौके पर सोलन में आयोजित प्रभातफेरी के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि महात्मा गांधी के संदेश आज भी देश को शांति, सद्भाव और समानता की दिशा में मार्गदर्शन करते हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री को उनकी सादगी, ईमानदारी और दृढ़ नेतृत्व के लिए हमेशा याद किया जाता है। शांडिल ने कहा कि शास्त्री द्वारा दिया गया नारा जय जवान–जय किसान आज भी देश के सैनिकों और किसानों के हौंसले बुलंद करता है।

**जीएसटी सुधार–मशीनरी उर्वरक**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से घोषित जीएसटी भारत उत्सव पिछले महीने की 22 तारीख से शुरू हुआ और इससे समाज के हर वर्ग को लाभ हो रहा है। अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधारों से भारत की अप्रत्यंक्ष कर–प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में नया अध्याय शुरू हुआ है। इन सुधारों ने विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं में कर की दर में कटौती से लोगों को काफी राहत प्रदान की है। कृषि मशीनरी और उर्वरकों पर जीएसटी सुधारों के प्रभावों पर प्रस्तुत है ये रिपार्ट ............

**दशहरा**

विजय दशमी यानि दशहरा पर्व आज प्रदेशभर में आस्था और उल्लास से मनाया जा रहा है। यह दिन नवरात्रि अनुष्ठान और दुर्गा पूजा के समापन और बुराई पर अच्छाई की विजय का प्रतीक है। इस अवसर पर आज सांय बुराई के प्रतीक रावण, मेघनाद और कुंभकरण के पुतले जलाए जाएंगे। मुख्य समारोह शिमला के जाखू स्थित हनुमान मंदिर में होगा, जहां मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू पुतला दहन करेंगे। इस बीच अपनी अनूठी परम्परा के लिये देश–विदेश में मशहूर सप्ताह भर चलने वाला अंतर्राष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव आज भगवान श्री रघुनाथजी की रथ यात्रा के साथ शुरू होगा। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल रथ यात्रा कार्यक्रम में भाग लेंगे और शाम को कुल्लू दशहरे की सांस्कृतिक संध्या में विधिवत रूप से दशहरा उत्सव का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू 8 अक्तूबर को दशहरा उत्सव के समापन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदा के चलते सांस्कृतिक संध्याओं में प्रदेश के लोक कलाकार, सांस्कृतिक दल, व स्थानीय कलाकार ही अपनी प्रस्तुतियां देंगे। दशहरा उत्सव समिति द्वारा 332 देवी देवताओं को निमंत्रण भेजे गए हैं। जिला के दूर दराज इलाकों से बड़ी संख्या में देवी देवता कुल्लू पहुंच गए हैं।

..............................................................................................................................